Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

>

Title : Need to set up a gas based Power Plant in Unnao, Uttar Pradesh.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, देश में विशेाकर उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत का गंभीर संकट बरकार है। उत्तर प्रदेश राज्य में विशेातः पिछड़े एवं ग्रामीण अंचलों में विद्युत की भारी कमी बनी हुयी है। मेरा संसदीय क्षेत्र उन्नाव, जो एक बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, भी विद्युत की समस्या से अछूता नहीं है। उन्नाव संसदीय क्षेत्र में तो विद्युत की बहुत ही दयनीय स्थिति है। इस क्षेत्र में कई-कई दिनों तक बिजली गायब रहती है, जिस कारण विद्युत के अभाव में ग्रामीणों, किसानों एवं अन्य जन सामान्य को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद उन्नाव में बडी संख्या में कल कारखाने हैं। हालांकि इन कारखानों को विद्युत की आपूर्ति जारी रहती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत का भारी अभाव बना रहता है, जिस कारण किसान विद्युत के अभाव में सिंचाई का कार्य नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को भी बड़ी परेशानी होती है, क्योंकि विद्युत न होने के कारण वे अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं कर पाते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राजय के उन्नाव संसदीय क्षेत्र में विद्युत की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए उन्नाव क्षेत्र में गैस पर आधारित एक विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाए।